उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग
आयोग भवन, हरिद्वार–249404
दूरभाष : 01334–244282, फैक्स : 244282
वैबसाइटः www.psc.uk.gov.in

पत्रांक :: 47 / उ.कु.प्रसा. / (इतिहास) परीक्षा–2025 / गोपन–03 / 2025–26 दिनांक : 16.09.2026

# विज्ञप्ति

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है दिनांकः **31-05-2026** को आयोजित **उत्तराखण्ड विशेष अधीनस्थ शिक्षा (प्रवक्ता संवर्ग समूह–ग) सेवा (सामान्य शाखा एवं महिला शाखा) परीक्षा–2025** के विषय **इतिहास** के **प्रथम** तथा **द्वितीय** प्रश्न–पत्र की चारों सीरीज (A, B, C & D) की औपबन्धिक उत्तरकुंजी को द्वितीय चरण हेतु ऑनलाइन आपत्तियां प्राप्त किये जाने के लिए उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग की वेबसाइट **www.psc.uk.gov.in** पर दिनांक 17.09.2026 से प्रसारित जाना है। यदि किसी अभ्यर्थी को चारों सीरीज के किसी प्रश्न एवं उत्तर विकल्प पर कोई आपत्ति है तो वह आयोग की वेबसाईट पर **Online Answer Key Objection** हेतु दिये गये लिंक पर जाकर अपनी आपत्तियों को आयोग द्वारा जारी दिशा–निर्देशों के अनुसार **दिनांक 17 सितम्बर 2026 से 24 सितम्बर 2026 (समय रात्रि के 23:59:59 बजे तक)** तक दर्ज करा सकते हैं। अभ्यर्थी द्वारा प्रति–प्रश्न आपत्ति (मय साक्ष्य सहित) के सापेक्ष निर्धारित शुल्क रू0 50.00 का भुगतान करना होगा।

आयोग की वेबसाईट पर **Online Answer Key Objection** हेतु दिये गये लिंक के अतिरिक्त ई–मेल, डाक अथवा अन्य किसी माध्यम से प्रेषित आपत्तियों पर विचार नहीं किया जायेगा। उक्त के अतिरिक्त अभ्यर्थी द्वारा अन्तिम तिथि के उपरान्त प्रेषित आपत्तियों तथा प्रति–प्रश्न आपत्ति के सापेक्ष निर्धारित शुल्क रू0 50.00 का भुगतान नहीं किये जाने की दशा में प्रस्तुत आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। उत्तर कुंजी के सापेक्ष आपत्ति दर्ज किये जाने से पूर्व आयोग की वेबसाईट पर उपलब्ध दिशा–निर्देशों का अवलोकन अवश्य कर लें।

–Sd-

(अशोक कुमार पाण्डेय)
सचिव